भारत सरकार
पर्यावरण, वन एवं जलवायू परिवर्तन मंत्रालय
क्षेत्रीय कार्यालय (उत्तर–मध्य क्षेत्र)
25 सुभाष रोड, देहरादून–248001
दूरभाषः 0135–2650809
फैक्स–0135–2653010
ईमेल - moef.ddn@gov.in

GOVERNMENT OF INDIA
MINISTRY OF ENVIRONMENT,FOREST &
CLIMATE CHANGE
REGIONAL OFFICE (NORTH CENTRAL ZONE)
25 SUBHASH ROAD, DEHRADUN-248001
PHONE- 0135-2650809
FAX- 0135-2653010
Email- moef.ddn@gov.in

फाईल संख्या 8बी./यू.सी.पी./06/216/2016/एफ.सी./851 दिनांक 23/07/2018

सेवा में,
अपर प्रमुख वन संरक्षक एवं नोडल अधिकारी
वन संरक्षण, इन्दिरानगर फॉरेस्ट कालोनी,
उत्तराखण्ड, देहरादून।

विषयः चमोली के अन्तर्गत गोचर सिदौली मोटर मार्ग के निर्माण हेतु 2.23 है0 मोटर मार्ग के सम्बन्ध में।

संदर्भः वन संरक्षक एवं नोडल अधिकारी का पत्र दिनांक 21.06.2018

महोदय,

उपरोक्त विषय पर ध्यानपूर्वक विचार करने के उपरान्त मुझे आपको सूचित करने का निर्देश हुआ है कि राज्य सरकार निम्न बिन्दुओ पर आवश्यक सूचनायें प्रेषित करना सुनिश्चित करें। ताकि अग्रिम कार्यवाही की जा सकें।

1. इस कार्यालय द्वारा दिनांक 07.02.2018 को 3 बिन्दुओं पर ऑनलाईन सूचनायें चाही गई थी जिसके प्रत्युत्तर में राज्य सरकार द्वारा अनुचित दिनांक 17.03.2018 का संदर्भ देते हुए 6 बिन्दुओ पर आख्या ऑनलाईन अपलोड की गई है, जबकि इस कार्यालय द्वारा दिनांक 17.03.2018 को कोई ई.डी.एस. अपलोड ही नहीं किया गया है। अतः राज्य सरकार अपलोड किए गए पत्र का उचित सन्दर्भित दिनांक देते हुये अतिरिक्त 3 बिन्दुओं पर अपना स्पष्टीकरण प्रस्तुत करें।
2. राज्य सरकार के पत्र में अधिकांशतः प्रस्तावों में यह पाया गया है कि जो भी इ.डी.एस. इस कार्यालय द्वारा अपलोड किये जाते है उसका जवाब बिन्दुवार तथा सन्तोषजनक प्रेषित नहीं किया जाता है।
3. इसके अतिरिक्त राज्य सरकार भविष्य में प्रत्येक प्रस्ताव की ऑनलाईन अपलोड किये गये पत्र की हार्ड प्रति भी इस कार्यालय में प्रेषित करना सुनिश्चित करेगी।

भवदीय,

(सन्नी गोयल)
कृत तकनीकी अधिकारी
(वानिकी)

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु :–
1. अपर मुख्य सचिव (वन), उत्तराखण्ड शासन, सुभाष रोड़, देहरादून।
2. आदेश पत्रावली।

(सन्नी गोयल)
कृत तकनीकी अधिकारी
(वानिकी)